आईआईएम, रांची टॉप 20 में

पिछले साल रैंकिंग में काफ नीचे था आईआईएमए रांची, रोहतक और उदयपुर की रैंकिंग रांची से नीचे

mayank.rajput@inext.co.in

RANCHI (22 Jan) : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम), रांची देश के टॉप 20 कॉलेज में शामिल हो चुका है. इनसाइड आईआईएम डॉट कॉम और टाइम डू इंस्टीट्यूट ने 2020 के देश के टॉप एमबीए कॉलेज की रैंकिंग जारी की है. इसमें आईआईएम रांची को 20वां पायदान हासिल हुआ है.

कई आईआईएम आ गए नीचे

आईआईएम रांची ने अपना रैंक उपर कर लिया है, लेकिन देश के कई आईआईएम का रैंक खिसक कर नीचे आ गया है. आईआईएम रोहतक और आईआईएम उदयपुर ताजा रैंकिंग में नीचे आ चुके हैं. आईआईएम रोहतक का दे साल पहले तक पूरे देश में टॉप में 25वां स्थान था, जो 2020 में 28वें स्थान पर आ गया. जबकि आईआईएम काशीपुर ने 2019 की तुलना में दो रैंक की सुधार की है. लेकिन इस साल की नई रैंकिंग में आईआईएम रायपुर, रांची और त्रिची रैंकिंग में ऊपर आ गए हैं.

2010 में रांची में आईआईएम शुरू हुआ था

2020 के टॉप कॉलेज की लिस्ट जारी की गई

रायपुर और त्रिची की भी रैंकिंग में हुआ सुधार

दस साल से कैंपस का इंतजार

देश भर के रैंकिंग में भले ही आईआईएम अपना परचम लहरा रहा हो, लेकिन इस संस्थान के पास आज भी अपना भवन नहीं है. अब आईआईएम रांची के स्थायी भवन का निर्माण एचइसी एरिया के मुड़मा मौजा में 60 एकड़ जमीन पर हो रहा है. जहां 13 विभिन्न तरह के भवन बनेंगे. नया भवन बनाने में लगभग 330 करोड़ रुपए की लागत आएगी. चहारदीवारी बनाने का काम पूरा हो चुका है. अभी प्रशासनिक भवन बनाने का काम चल रहा है. तय नक्शे के मुताबिक तीन प्रशासनिक भवन 2502 वर्ग मीटर, सेमिनार हॉल 2486 वर्ग मीटर, स्टूडेंट्स छात्रावास 2800 वर्ग मीटर, स्टूडेंट्स डाइनिंग हॉल 1343 वर्ग मीटर, निदेशक आवास 310 वर्ग मीटर, दो फैकल्टी ब्लॉक 1420 वर्ग मीटर, सर्विस ब्लॉक 1400 वर्ग मीटर, स्टाफ क्वार्टर ब्लॉक-ए 425 वर्ग मीटर और स्टाफक्वार्टर, ब्लॉक-सी 425 वर्ग मीटर में बनना है.

दस साल से चल रहा है सूचना भवन में

आईआईएम रांची की स्थापना रांची में 2010 में की गयी थी. कांके रोड स्थित सूचना भवन के दो फ्लोर पर दस साल से आईआईएम चल रहा है. अस्थायी तौर पर छात्रों का हॉस्टल खेलगांव में बनाया गया है.

Dainik Jagaran(inext), 23.01.2020, Pg. 02